# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के खिलाफ शिकायत पर भाजपा और कांग्रेस को जारी किया नोटिस, दोनों पार्टियों को सोमवार एक बजे तक जवाब देने का आदेश।
- बीस नवंबर को दूसरे चरण के मतदान के लिए धुआंधार प्रचार जारी, एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने एक–दूसरे पर लगाये आरोप।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हेमंत सोरेन सरकार पर केन्द्र सरकार की ओर से भेजी गयी राशि को हड़पने का लगाया आरोप।
- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया पलटवार, कहा–केन्द्र सरकार, झारखंड के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार।
- गिरिडीह के धनवार विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय हुए भाजपा में शामिल, पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी को समर्थन देने की घोषणा की।

***************

निर्वाचन आयोग ने चुनाव आदर्श संहिता के उल्लांधन के खिलाफ शिकायत पर भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। महाराष्ट्र और झारखण्ड के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस द्वारा एक–दूसरे के खिलाफ शिकायत के बाद निर्वाचन आयोग ने यह नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को आज अलग–अलग पत्र भेजा है। दोनों ही दलों ने एक–दूसरे के स्टार प्रचारकों पर आरोप लगाया था कि वे झारखण्ड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अभियान के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने दोनों दलों से सोमवार दोपहर बाद एक बजे तक नोटिस का जवाब दाखिल करने को कहा है।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर 20 नवंबर को होनेवाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इस चरण के लिए चुनाव प्रचार के लिए अब दो दिन शेष रहे गये हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में आज धुआंधार प्रचार किया। इस दौरान दोनों ही गठबंधन के नेताओं ने एक–दूसरे पर कई गंभीर आरोप लगाए।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज दुमका, देवघर और गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने देवघर के मधुपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर केन्द्र सरकार द्वारा भेजी गयी राशि को हड़पने का आरोप लगाया।

साउंड बाईट––अमित शाह, केन्द्र राशि––31 सेकेंड

***************

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज जामताड़ा और रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री खरगे ने जामताड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार पर पलटवार किया और झारखंड की खनिज संपदाओं की बकाया टैक्स राशि नहीं देने का आरोप लगाया।

***************

प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गिरिडीह के जमुआ में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन पर झारखंड को लूटखंड बनाने का आरोप लगाया। श्री चौहान ने लोगों से राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनाने का आहवान किया।

साउंड बाईट––शिवराज सिंह चौहान––17 सेकेंड

***************

भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने भी आज कई चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हेमन्त सोरेन सरकार पर झूठा वायदा करने का आरोप लगाया। श्री सरमा ने बाघमारा

में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दोहराया कि झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन–चुनकर बाहर निकालेंगे।

***************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज कई चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री सोरेन ने गिरिडीह के धनवार में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने जनता पर महंगाई का बोझ डालकर उनकी कमर तोड़ दी है।

***************

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने गिरिडीह के बगोदर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री यादव ने भाजपा पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया।

साउंड बाईट––तेजस्वी यादव––22 सेकेंड

***************

माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा है कि झारखंड में अब तक जिस पार्टी की सरकार रही, सभी ने गरीबों को ठगने का काम किया है। उन्होंने दुमका में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 16 वर्षों तक राज करने वाली भाजपा की सरकार ने पेसा कानून की रक्षा नहीं की।

***************

गिरिडीह जिले के धनवार विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय आज भाजपा में शामिल हो गये। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष भाजपा का दामन थाम लिया। श्री राय ने भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के धनवार प्रत्याशी प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी को समर्थन देने की घोषणा की।

***************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा है कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, बल्कि समाज के लिए उपयोगी बनाना है। श्री गंगवार आज बीआईटी मेसरा के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान संस्थान के दो हजार सात सौ पन्द्रह विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गयी।

*****समाप्त******